भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3009

दिनांक 04 **अगस्त**, 2022

कच्चा तेल आयात टर्मिनल

†3009. **श्री प्रदान बरुवा**:

श्री पल्लब लोचन दास:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों में कच्चे तेल के परिवहन के लिए पारादीप बंदरगाह, ओडिशा में कच्चा तेल आयात टर्मिनल स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो परियोजना का अनुमानित बजट कितना है, इसकी क्षमता कितनी है और इसे पूरा होने में कितना समय लगेगा; और

(ग) क्या इस टर्मिनल से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में कच्चे तेल की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग): 1500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत और 6 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की क्षमता से नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) ने पारादीप, ओड़िशा में एक क्रूड ऑयल टर्मिनल (सीओटी) का कार्यान्वयन शुरू किया है। दिसम्बर, 2024 तक इसे पूरा किया जाना निर्धारित है। विनिर्माण अवधि के दौरान, करीब 400 व्यक्तियों को परोक्ष रोजगार मिलेगा और, इस प्रकार प्रचालन चरण के दौरान रोजगार सृजन होगा। इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में तेल रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

****